डेरेचो

हाल ही में अमेरिका के कुछ राज्य डेरेचो नामक तूफान की चपेट में आ गए, जिससे आसमान का रंग हरा हो गया।

- डेरेचो आमतौर पर मध्य और पूर्वी अमेरिका के हिस्सों में आते हैं. वर्ष 2009 में एक '**सुपर डेरेचो**' आया था जो अब तक का अवलोकित सबसे तीव्र और असामान्य डेरेचो था, यह केन्सास से लेकर केंटुकी (US के राज्य) तक फैला था जिसमें हवा की गति 170 किलोमीटर प्रति घंटे थी.
- वर्ष 2010 में रूस में पहला प्रलेखित डेरेचो देखा गया जिसका प्रभाव जर्मनी और फिनलैंड में भी देखा गया था और हाल ही में बुल्गारिया एवं पोलैंड में देखा गया था।

डेरेचो:

- **परिचय:**
  - **डेरेचो** व्यापक, लंबे समय तक रहने वाला सीधी रेखा वाला तूफान है, जो तेज़ बरसात और गरज के साथ आता है.
    - यह नाम **स्पैनिश शब्द 'ला डेरेचा'** से आया है जिसका अर्थ है 'सीधा'।
  - सीधी रेखा के तूफान वे होते हैं जिनमें **गरज के साथ तूफान के विपरीत कोई घूर्णन नहीं होता** है। ये **तूफान सैकड़ों मील की यात्रा करते हैं** और एक विशाल क्षेत्र को कवर करते हैं।
  - यह एक **गरम मौसम की घटना** है जो आमतौर पर जून और जुलाई में होती है।
  - बवंडर या तूफान जैसे अन्य तूफान प्रणालियों की तुलना में यह एक दुर्लभ घटना है।
- **प्रकार:**
  - **प्रगतिशील:**
    - एक प्रगतिशील डेरेचो एक सीधी रेखा में होता है, जो अपेक्षाकृत संकीर्ण पथ के साथ सैकड़ों मील की यात्रा कर सकता है।
  - **क्रमानुसार:**
    - दूसरी ओर क्रमिक डेरेचो में एक व्यापक स्क्वॉल लाइन होती है- चौड़ी और लंबी तथा एक बड़े क्षेत्र में फैली हुई।
    - यह आमतौर पर वसंत या पतझड़ के दौरान देखी जाती है।
  - **संकर (हाइब्रिड):**
    - हाइब्रिड वाले तूफान में प्रगतिशील और क्रमिक डेरेचो दोनों की विशेषताएँ शामिल हैं।

डेरेचो के दौरान ग्रीन स्काई:

- तीव्र तूफान के परिणामस्वरूप आसमान हरा हो जाता है क्योंकि प्रकाश उनके द्वारा धारण किये जाने वाले जल की भारी मात्रा के साथ अंतःक्रिया करता है।
- बारिश की बड़ी बुँदे नीले रंग की तरंग दैर्ध्य को छोड़कर अन्य सभी तरंगों को बिखेर देती हैं, जिसके कारण मुख्य रूप से नीली रोशनी तूफानी बादल के नीचे प्रवेश करती है।
- यह नीला प्रकाश दोपहर या शाम के समय सूरज के लाल-पीले रंग के साथ मिलकर हरे रंग का हो जाते है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/derecho